राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक/परीक्षा–2022/ दिनांक:

मुख्य परीक्षा 2022 के परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने हेतु परिवर्तित तिथि सम्बन्धी सूचना

राजस्थान विश्वविद्यालय से सम्बद्ध/संघटक महाविद्यालयों के निम्नांकित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत नियमित, स्वयंपाठी एवं पूर्व परीक्षार्थियों के मुख्य परीक्षा–2022 के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन प्रक्रिया से वेबसाईट www.univraj.org से भरे जाने हेतु निम्नानुसार परिवर्तित तिथियाँ घोषित की जाती है:–

क्र.सं.	पाठ्यक्रम		विलम्ब शुल्क रूपये 500/–सहित
1	बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.कॉम (पास/ऑनर्स कोर्स), बी.ए. (डीफ/डम्ब), स्वयंपाठी, नियमित एवं पूर्वछात्र, बी.एस.सी. (होम साईंस, बायोटेक),बी.सी.ए., बी.बी.ए. (वार्षिक पद्धति), बी.पी.ए/विज्यूअल आर्टस्/बी. म्यूजिक/बी.डिजाईन **(पार्ट–द्वितीय /तृतीय/चतुर्थ)**		19.04.2022 से 22.04.2022
2	(i)	समस्त स्नातकोत्तर (उत्तरार्द्ध–वार्षिक पद्धति) नियमित, पूर्वछात्र एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी	
	(ii)	समस्त एकवर्षीय सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एम.आई.बी./ एम.कॉम. ईन एच.आर. एम. (पार्ट–I/II) के परीक्षार्थी	
	(iii)	बी.ए./बी.एस.सी. (एडिशनल), एड–ऑन कोर्सेज तथा मॉडर्न यूरोपियन लेंग्वेजेज (सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा)	
4	बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.कॉम (पास/ऑनर्स कोर्स), बी.ए. (डीफ एण्ड डम्ब) स्वयंपाठी, नियमित एवं पूर्वछात्र, बी.एस.सी. (होम साईंस, बायोटेक), बी.सी.ए., बी.बी.ए. (वार्षिक पद्धति), बी.पी.ए/विज्यूअल आर्टस्/बी.म्यूजिक/बी.डिजाईन **(पार्ट–प्रथम)**		
5	समस्त स्नातकोत्तर **(पूर्वार्द्ध)** वार्षिक पद्धति नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी		

1. **स्नातक पार्ट–प्रथम एवं स्नातकोत्तर (पूर्वार्द्ध) के आवेदन पत्रों के संबंध में विज्ञप्ति क्रमांकः परीक्षा नियंत्रक/परीक्षा–2022/789136–146 दिनांक 04.02.2022 का विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org का अवलोकन करें।**
2. **स्नातक पार्ट–द्वितीय /तृतीय/चतुर्थ एवं स्नातकोत्तर (उतरार्द्ध) के आवेदन पत्रों के संबंध में विज्ञप्ति** क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक/परीक्षा–2022/2882–92 दिनांक 09.02.2022 **का विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org का अवलोकन करें।**
3. **नियमित/पूर्व परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन फार्म संबंधित महाविद्यालय में जमा किये जावेंगें तथा महाविद्यालय उन्हें अपने स्तर पर सूची के अनुसार जॉच/सत्यापित कर विश्वविद्यालय में अन्तिम तिथि के दो दिवस में विश्वविद्यालय में जमा करवायेंगें जिसके लिए अलग से कोई टी.ए./डी.ए. देय नहीं होगा।**
4. **स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपने परीक्षा फार्म महाविद्यालय से जॉच/अग्रेषित करवाकर विश्वविद्यालय में जमा करवायेंगे।**

सामान्य निर्देश

1. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा फॉर्म दिशा–निर्देशों का अवलोकन कर सावधानी पूर्वक भरें।
2. निम्न श्रेणी के परीक्षार्थी परीक्षा 2019, 2020 अथवा 2021 में उत्तीर्ण अपने रोल नं. से परीक्षा फॉर्म भरेंगें:–
   - (v) राजस्थान बोर्ड/सी.बी.एस.ई. से 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण–स्नातक पार्ट प्रथम के लिए आवेदन करने वाले छात्र।
   - (vi) राजस्थान विश्वविद्यालय से स्नातक पार्ट प्रथम/द्वितीय/तृतीय उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी।
   - (vii) राजस्थान विश्वविद्यालय से स्नातक पार्ट तृतीय उत्तीर्ण–पी.जी., प्रिवियस के लिए आवेदन करने वाले छात्र।
   - (viii) राजस्थान विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर प्रिवियस उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी।
3. **ऐसे समस्त परीक्षार्थी जिनका ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र रोल नं. से नहीं भरा जा रहा है। ऐसे परीक्षार्थी अपने प्रार्थना पत्र के साथ सम्पूर्ण अंकतालिकाओं की मूल एवं प्रतिलिपी संलग्न कर विश्वविद्यालय स्थित छात्र सूचना एवं परामर्श केन्द्र पर जमा करावें, जिससे उनके ऑनलाईन आवेदन पत्र भरवाने की कार्यवाही हो सके। प्रार्थना पत्र पर मोबाईल नं. अवश्य अंकित करें।**
4. दो प्रतियों में परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान हस्ताक्षर कर मय आवश्यक दस्तावेजों, पूर्व में उत्तीर्ण अंकतालिकाओं आदि के साथ **अगले दो कार्य दिवसों में, परीक्षा फार्म पर अंकित संबंधित महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा।**
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना आधार कार्ड नम्बर दर्ज करना अनिवार्य है।
6. महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फॉर्म अग्रेषित करने संबंधी प्रक्रिया हेतु दिशा–निर्देश देखें।
7. माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है, यह सम्बन्धित प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय विभागाध्यक्ष अपने स्तर पर सुनिश्चित कर लें।
8. जिन छात्रों का पुनर्मूल्यांकन परिणाम अभी तक घोषित नहीं हुआ है, ऐसे छात्र जिस कक्षा के लिए पात्रता रखते हैं, उस कक्षा के लिए निर्धारित समयावधि में ऑनलाईन आवेदन–पत्र प्रस्तुत करें। पुनर्मूल्यांकन के पश्चात् यदि इनका परिणाम परिवर्तित होता है तो परीक्षा फार्म को अगली उच्च कक्षा में नियमानुसार परिवर्तित करने हेतु निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन करना होगा।
9. **परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा फार्मो को स्वीकार नहीं किया जायेगा।** अतः निर्धारित समय में संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा फार्म जमा करायें। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा फार्म ही स्वीकार होंगे।
10. स्नातक (कला/विज्ञान) एवं स्नातकोत्तर भूगोल विषय की परीक्षा में जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया है/करेंगे, उन्हें निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रायोगिक विषयों में प्रशिक्षण हेतु पंजीकरण करवाकर निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा करवाना होगा। इस सबध में शीघ्र ही विज्ञप्ति जारी होगी। ततपश्चात् प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु संबंधित महाविद्यालयों में सम्पर्क करें, अन्यथा वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नही हो सकेंगे।
11. परीक्षा विज्ञप्ति एवं विस्तृत दिशा निर्देश विश्वविद्यालय वेबवाईट www.uniraj.ac.in पर उपलब्ध हैं। परीक्षा संबंधी कतिपय नियमों के लिए परिशिष्ठ "अ" देखें। विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय हेण्डबुक के संबंधित अधिनियम विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध हैं।

नोटः– परीक्षा फॉर्म भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर **7726953531** अथवा टोल फ्री नम्बर **18001806433** एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर **9116136997** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

Sd/–

डॉ. राकेश राव
(परीक्षा नियंत्रक)

कृ.पृ.उ.

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक/परीक्षा–2022/328 – 338 दिनांक: 18/4/22

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

11. (i) समस्त निदेशक, पी.जी. स्कूल्स एवं प्राचार्य, संघटक/सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करलें कि नियमित, पूर्वछात्र एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म महाविद्यालय पोर्टल से प्राप्त सूची के अनुसार सही हैं। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण, दिशा निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org पर उपलब्ध हैं। **विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय कोड़ आवश्यक रूप से अंकित करें। दिनांक 22.04.2022 तक विलम्ब शुल्क के साथ भरे गये समस्त परीक्षा आवेदन पत्र दिनांक 24.04.2022 तक विश्वविद्यालय में जमा करवाये।**

    (ii) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक पार्ट–प्रथम एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध कक्षाओं हेतु आवंटित सीटों एवं आवंटित विषयों के अनुसार ही नियमित छात्रों से फॉर्म भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ–पत्र संबधित प्राचार्य द्वारा परीक्षा फार्मो के साथ संलग्न करना होगा।

    (iii) पूर्व की भांति केवल स्वयंपाठी छात्रों हेतु ही उनके परीक्षा फार्म चैकिंग एवं अग्रेषण का शुल्क रू. 8/– प्रति छात्र संबंधित महाविद्यालयों को देय होगा।

12. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
13. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करे कि परीक्षा–2022 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconcile करने का श्रम करें।
14. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के जयपुर एवं दौसा में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर) में एक बार प्रकाशित करवाने एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
15. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई, बैंक, बापू नगर ब्रांच, विश्वविद्यालय केम्पस, जयपुर।
16. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव/निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
17. समस्त उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग/शैक्षणिक –द्वितीय/सेलर–।, परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा, लेखा एवं वित्त अनुभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
18. निदेशक, छात्र सलाहकार केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
19. छात्र सेवा एवं परामर्श केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
20. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म।

18/4/22

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)